हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 17 मार्च 2026



# मोहला-मानपुर में नक्सलियों का 40 सालों का साम्राज्य खात्मे की ओर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला के औंधी थाना क्षेत्र तथा कांकेर बस्तर, महाराष्ट्र गढ़चिरौली सीमा से सटे नैनगुढा-कोहकाटोला के पहाड़ी में पनाह लिए नक्सलियों के साथ सोमवार दोपहर हुए मुठभेड़ में सुरक्षा बल के जवानों को बस्तर से लुटा हुआ इंसास राइफल और नक्सलियों का अहम पत्र बरामद हुआ है। पुलिस-नक्सली मुठभेड़ को लेकर आज दोपहर 1.30 बजे पुलिस कप्तान वाईपी सिंग ने प्रेसवार्ता कर खुलासा करते आरकेबी डिवीजन कमेटी के शेष बचे नक्सलियों को हथियार सहित सरेंडर करने का अंतिम आह्वान किया है।

पुलिस अधीक्षक वाईपी सिंग ने प्रेसवार्ता में खुलासा करते बताया कि थाना औंधी क्षेत्र अंतर्गत कोहकाटोला जंगल क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों की पुख्ता सूचना प्राप्त हुई कि 4-5 नक्सली हथियार लेकर क्षेत्र में घूम रहे हैं। सूचना पर तत्काल औंधी थाना स्टाफ, सीएएफ, आईटीबीपी डीआरजी बल एवं कांकेर पुलिस की तरफ से डीआरजी के बल को रवाना किया गया। सर्चिंग के दौरान कोहकाटोला जंगल में संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी की गई। इसी दौरान पुलिस टीम को देखकर नक्सली घने जंगल एवं पहाड़ी क्षेत्र का फायदा उठाकर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा उनका पीछा किया गया, किंतु जंगल एवं पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण नक्सली हथियार, राशन, दवाई तथा अहम नक्सली दस्तावेज छोड़कर जंगल का आड़ लेते मौके से भाग गए।

⏵⏵ शेष पेज 10 पर

## मुठभेड़ में बस्तर से लूटा हुआ हथियार और नक्सलियों का अहम पत्र हुआ बरामद



### पुलिस अधीक्षक ने लिया सुरक्षा की जिम्मेदारी

31 मार्च की समय-सीमा नक्सलवाद को लेकर सरकार के सख्त फैसले के बीच पुलिस अधीक्षक वाईपी सिंग ने मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में कुल 6 शेष बचे नक्सलियों से आत्मसमर्पण के लिए आखिरी आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधि, गांव के पटेल, कोटवार या आंचलिक पत्रकारों से मदद लेकर हथियार सहित आत्मसमर्पण कर दें। जिले की पुलिस उन्हें पूरी तरह से सुरक्षा प्रदान करेगी और आत्मसमर्पण नीति का पूरा फायदा उन्हें दिलाया जाएगा।

### औंधी इलाके से शुरू हुआ नक्सलवाद, औंधी में ही समाप्त करने की तैयारी



जानकारी के मुताबिक वर्ष 1985 के आसपास आंध्रप्रदेश से नक्सलियों का आगमन बस्तर जिले से होते हुए मानपुर के दक्षिणी भाग में नक्सलियों की गतिविधियां परिलक्षित हुई। औंधी थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने प्रथम बार प्रवेश किया और अपना आधार बनाना शुरू किया। नक्सलियों ने कांकेर बस्तर, महाराष्ट्र राज्य की सीमा से सटे औंधी से लेकर बकरकट्टा तक के सीमावर्ती ग्रामों में अपना आधार बनाना शुरू किया, जो मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी क्षेत्र के लिए दर्द और आतंक का पर्याय बना रहा। अब नक्सलवाद के संपूर्ण खात्मे के साथ औंधी के इस हिस्से में ही गिनती के शेष बचे नक्सली छुपे फिर रहे हैं। अब माओवादियों के पास दो ही विकल्प है आत्मसमर्पण या एनकाउंटर।

## खबर संक्षेप

### एफएसएसएआई ने किया नियम में बदलाव, विक्रेताओं को मिलेगी राहत

**राजनांदगांव।** एफएसएसएआई ने आगामी 1 अप्रैल से अपने नियमों में बदलाव किया है। नए नियमों के तहत खाद्य लाइसेंस और पंजीकरण बार-बार रिन्यूअल करने छुटकारा मिलेगा। वहीं छोटे व्यापारियों के लिए बेसिक रजिस्ट्रेशन की टर्नओवर सीमा 12 लाख रुपए से बढ़ाकर 1.5 करोड़ रुपए कर दी गई है। जिला दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष अतुल जैन, सचिव दशरथ शर्मा, कोषाध्यक्ष अनिक खंडेलवाल ने एफएसएसआई के नियमों में किए बदलाव का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इससे हमारे छोटे दवा व्यापारियों को बहुत राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि अब तक बेसिक फूड रजिस्ट्रेशन के अंतर्गत कार्य करने की व्यापार लिमिट 12 लाख प्रतिवर्ष हुआ करती थी। इसे 1 अप्रैल 2026 से बढ़ाकर 1.50 करोड़ प्रतिवर्ष कर दिया गया है। अब तक 12 लाख प्रतिवर्ष से अधिक का फूड का कारोबार होने से पूर्ण फूड लाईसेंस लेना आवश्यक होता था। अब डेढ़ करोड़ तक केवल फूड रजिस्ट्रेशन ही काफी होगा। डेढ़ करोड़ रुपए के ऊपर टर्न ओवर वाले व्यापारियों को फूड लाईसेंस की आवश्यकता होगी। इस नए नियम में लाईसेंस रिनीवल के नियमों को भी शिथिल किया गया है

## तीन महीने से नहीं मिला राज्य का हिस्सा, आधी राशि ही पहुंची


# निराश्रित पेंशन: शहर के सात हजार हितग्राहियों के 63 लाख रुपए अटके

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

निराश्रित पेंशन योजना के अंतर्गत विभिन्न स्कीम के तहत मिलने वाली राशि पिछले तीन महीने से हितग्राहियों को नहीं मिली है। बताया गया कि शहर में ही करीबन सात हजार हितग्राहियों के 63 लाख रुपए अटके हुए हैं। हालांकि यह सिर्फ राज्य का हिस्सा है। केंद्र ने अपना हिस्सा इन हितग्राहियों को भेज दिया है। अब आधी-अधूरी राशि आने से हितग्राहियों में भी संशय की स्थिति है। जिसकी शिकायत लेकर लोग निगम सहित अपने वार्ड पार्षदों के पास पहुंच रहे हैं।

हालांकि निगम पहुंचने पर हितग्राहियों को पूरी जानकारी दी जा रही है और बताया जा रहा है कि योजना के तहत राज्यांश का हिस्सा नहीं दिए जाने के चलते आधी रकम खाते में पहुंची है। उल्लेखनीय है कि वृद्धों सहित दिव्यांग और महिलाओं को विभिन्न योजना के तहत केंद्र और राज्य सरकार निराश्रित पेंशन के तहत राशि देती है। हालांकि राशि बेहद कम होने से उसका कोई अधिक लाभ हितग्राहियों को नहीं मिलता है। बताया गया कि सरकार इस महंगाई में मात्र पांच सौ रुपए पेंशन राशि देती है। यह राशि भी वृद्धों को समय पर नहीं मिल रही। ऐसे में इन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर में नगर निगम के अंतर्गत लगभग साढ़े दस हजार हितग्राही पंजीकृत हैं। पिछले तीन महीने से पेंशन राशि का भुगतान नहीं हो रहा है।

### शहर में कुल छह योजनाओं के तहत 10597 हितग्राही पंजीकृत




### लोग लगा रहे चक्कर

निराश्रित योजनाओं के तहत राशि नहीं आने एवं आधी राशि आने के बाद संशय में पड़े हितग्राही अपने वार्ड के पार्षदों के पास शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। पार्षदों ने बताया कि कई योजनाओं के तहत हितग्राहियों को प्रतिमाह का केवल दो सौ रुपए ही भेजा गया है। ऐसे में शेष राशि के बारे में जानकारी लेने लोग पहुंच रहे हैं। वहीं जिन लोगों की राशि नहीं आई है, वे भी अपनी शिकायत लेकर पार्षदों के पास जा रहे हैं।

### 6981 हितग्राहियों की राशि अटकी

बताया गया कि दिसंबर और जनवरी महीने की केंद्र सरकार ने योजना के तहत अपना हिस्सा हितग्राहियों को भेज दिया है, लेकिन इन तीन योजनाओं के 6981 हितग्राहियों को राज्य का हिस्सा नहीं मिल पाया है। प्रति व्यक्ति तीन सौ रुपए राज्य का हिस्सा है। ऐसे में 6981 लोगों को प्रति माह के अनुसार 20.94 लाख रुपए का भुगतान अटका हुआ है। तीन माह की राशि 63 लाख रुपए होती है।

### जुलाई से दिसंबर तक चला सत्यापन

निगम से मिली जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार के निर्देश के बाद पिछले साल जुलाई महीने से निराश्रित योजना के तहत पंजीकृत हितग्राहियों का सत्यापन शुरू किया गया था। जुलाई से दिसंबर तक सत्यापन कार्य किए जाने के बाद अब सॉफ्टवेयर में अपडेशन का कार्य चल रहा है। इसके चलते ही योजना के तहत राशि आने में देरी होना बताया जा रहा है।

### हर माह 52.50 लाख का भुगतान

मिली जानकारी के अनुसार शहर में निराश्रित के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 10497 हितग्राही पंजीकृत हैं। इन हितग्राहियों में 60 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्ध, 80 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्ध, 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग, विधवा महिलाएं शामिल हैं। इन हितग्राहियों को केंद्र सरकार की राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना, सुखद सहारा जैसी स्कीम के साथ ही राज्य की योजनाओं के तहत कुल 52.50 लाख रुपए का भुगतान हर महीने होता है। ज्ञात हो कि 80 वर्ष से अधिक उम्र वाले हितग्राहियों को प्रतिमाह 650 रुपए एवं अन्य योजनाओं में सभी को पांच सौ रुपए प्रतिमाह दिया जाता है।

# 7 साल की नाबालिग से कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

- चिखली चौकी पुलिस की कार्रवाई
- 19 वर्षीय आरोपी को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के चिखली चौकी अंतर्गत एक इलाके में एक नाबालिक से कुकर्म किए जाने की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों की शिकायत के बाद इस मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 15 मार्च को प्रार्थिया द्वारा लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिक बालिका को भावेश समरित द्वारा जबर्दस्ती दुष्कर्म किया है।

**आरोपी पकड़ाया :** रिपोर्ट पर धारा 65(2) बीएनएस, 4, 5(एम), 6 पाक्सो एक्ट का अपराध कायम कर मामला गंभीर अति संवेदनशील



प्रकृति का होने से मामले की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में तत्काल चिखली चौकी प्रभारी द्वारा स्टाफ के साथ आरोपी का पतासाजी कर आरोपी भावेश कुमार समरित उर्फ कुक्कू 19 साल निवासी बजरंगपुर नवागांव पुलिस चौकी चिखली को अभिरक्षा में लेकर चौकी चिखली लाकर पूछताछ किया, जो अपराध घटित करना स्वीकार किया, जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, बाद आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया। बताया गया कि मामला दो दिन पहले का है, जिसकी शिकायत 15 मार्च को दर्ज कराई गई है।

### परिवार ने छोड़ा मोहल्ला

मिली जानकारी के अनुसार मामले के बाद पीड़ित परिवार ने दूसरे दिन ही मोहल्ले को छोड़ दिया है। पूरा परिवार दूसरे इलाके में शिफ्ट हो गया है। यह भी बताया गया कि कुकर्म की जानकारी परिजनों को पड़ोसी द्वारा दी गई थी। जिसके बाद बच्ची से उसकी मां ने जानकारी ली और फिर इस मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई। इस घटना के बाद दोनों परिवारों के बीच विवाद भी हुआ।

# अशांति फैलाने के मामले में एक्शन, तीन आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अशांति फैलाने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। वहीं एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शंकर उर्फ मंटू यादव 35 साल निवासी चंदननगर, पिंकू उर्फ कमलेश राजपूत 28 साल निवासी मोतीपुर, मोती यादव 22 साल निवासी बजरंगपुर नवागांव द्वारा वाद-विवाद कर शांति व्यवस्था भंग कर अप्रिय घटना घटित होने की संभावना पर बदमाशों के विरूद्ध पृथक-पृथक धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया।




### वारंटी गिरफ्तार

पुलिस के अनुसार अभियान में पूर्व में मारपीट के आरोपी अमित मिश्रा 24 साल निवासी तुलसीपुर बख्तावर चाल वर्ष 2025 बजरंगपुर नवागांव में मारपीट कर घटना दिनांक से फरार था। जिसके विरूद्ध न्यायालय से स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। आरोपी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# खैरागढ़ के उदयपुर पैलेस में सनसनी सीएएफ के जवान ने खुद को गोली मारी

**राजनांदगांव।** खैरागढ़ क्षेत्र में स्थित उदयपुर पैलेस में तैनात छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के एक जवान ने अपनी ही सर्विस रायफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे पैलेस परिसर में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार घटना सोमवार शाम करीब 5.30 से 6 बजे के बीच की बताई जा रही है। मृतक जवान की पहचान कृपाचंद सोनवानी (38 वर्ष) के रूप में हुई है, जो छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की छठवीं बटालियन में पदस्थ था। वह मूल रूप से भिलाई का निवासी बताया जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक उदयपुर स्थित राजपरिवार के पैलेस में सुरक्षा के लिए जवानों की अलग-अलग शिफ्ट में ड्यूटी लगाई जाती है। सोमवार को भी सामान्य रूप से कृपाचंद सोनवानी की ड्यूटी पैलेस में लगी थी। शाम के समय अचानक गोली चलने की तेज आवाज सुनाई दी। जिससे परिसर में मौजूद जवान और कर्मचारी घबरा गए।

जब साथी जवान मौके पर पहुंचे तो कृपाचंद सोनवानी खून से लथपथ जमीन पर पड़ा मिला। बताया जा रहा है कि उसने अपनी ही सर्विस रायफल से खुद पर फायर कर लिया था, तुरंत एंबुलेंस बुलाकर उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

साथी जवानों के मुताबिक कृपाचंद सोनवानी पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में दिखाई दे रहा था। हालांकि उस समय किसी ने इसे ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया।

### छुट्टी से लौटने के अगले दिन घटना

पुलिस के अनुसार जवान एक दिन पहले ही छुट्टी से लौटकर ड्यूटी पर आया था। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि घरेलू या निजी कारणों के चलते उसने यह कदम उठाया होगा। हालांकि घटनास्थल से अभी तक कोई सुसाइड नोट या अन्य स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है और जवान के साथियों तथा परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

# महिला समूह से 8.85 लाख रुपए की धोखाधड़ी, आरोपिया महाराष्ट्र से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



महिला समूह से धोखाधड़ी करने के मामले की जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपिया को महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 2 जनवरी को प्रार्थिया श्रीमती पेमिन साहू 28 साल निवासी करेठी ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि प्रज्ञा महिला स्व. सहायता समूह ग्राम करेठी समूह की अध्यक्ष आरोपिया द्वारा 9 जनवरी 2024 से प्रज्ञा समूह के सदस्यों को धोखे में रखकर समूह को बिना बताए प्रज्ञा समूह के नाम पर स्वयं निजी उपयोग हेतु कुल 8,85,000 रुपए लोन लेकर लोन की रकम को बैंक में अभी तक जमा नहीं किया गया। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया। उक्त कार्रवाई में प्रशिक्षु आईपीएस आदित्य कुमार, निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर, सहायक उप निरीक्षक देवकुमार रावटे, आरक्षक धर्मेन्द्र मांडले, महिला आरक्षक अभिलाषा सिंह ठाकुर की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### महाराष्ट्र से गिरफ्तार

पुलिस के अनुसार इस मामले में डोंगरगांव पुलिस की टीम गठित कर पतासाजी हेतु मुखबीर लगाकर तत्काल टीम कलमना नागपुर महाराष्ट्र रवाना किया गया एवं घेराबंदी कर आरोपिया 60 साल निवासी करेठी को कलमना नागपुर महाराष्ट्र से थाना लाकर पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार कर रकम को शेयर मार्केट में लगाना एवं घर की मरम्मत और घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खरीदने में खर्च करना बताई।






## खबर संक्षेप



### ज्योत जंवारा की स्थापना 19 को

**चिचोला।** नारायणगढ़ के मां शीतला मंदिर प्रांगण में प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन रखा गया है। इस मौके पर ग्रामवासियों के सहयोग से शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा शीतला मंदिर प्रांगण से राम मंदिर, बस स्टैण्ड होते हुए आयोजन स्थल पहुंची। यहां हवन पूजन के साथ प्रसादी वितरण किया गया। यहां नवरात्र के मौके पर आगामी 19 मार्च को ज्योति जावरा स्थापना किया जाएगा। आगामी 23 मार्च को पंचमी सिंगर, 26 को हवन पूजन और आगामी 27 मार्च को भंडारा एवं विसर्जन किया जाएगा।

### बीमा क्लेम का भुगतान



**खड़गांव।** जीवन ज्योति बीमा अंतर्गत नामिनी को 2 लाख का भुगतान किया गया है। ग्राम बोरिया मुकासा के निखिल कुमार कोरेटी को छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक खडगांव ने जीवन बीमा पॉलिसी अंतर्गत बीमा क्लेम के रूप में 2 लाख का चेक दिया। चेक मिलने पर निखिल कोरेटी ने बीमा एजेंट और छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक का धन्यवाद ज्ञापित किया है। बीमा पॉलिसी निखिल कुमार कोरेटी की माता जितेन्द्री बाई कोरेटी के नाम से थी जिनका निधन कुछ दिनों पहले हो गया था। चेक देने केब दौरान बैंक शाखा प्रबंधक तिशांत धुर्वे , बीमा कंपनी की निलिमा जैन उपस्थित थी।

### विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण

**मोहला।** जिला शिक्षा अधिकारी




योगदास साहू के मार्गदर्शन में स्थानीय पीएम श्री शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय एक्सपोजल विजिट टूर का आयोजन किया गया। प्राचार्य सीमा वर्मा के नेतृत्व में कक्षा 6 वीं, 7 वीं, 8वीं एवं 10वीं के 101 विद्यार्थियों ने टूर में भाग लिया। विद्यार्थियों ने रायपुर में साइंस सेंटर का अवलोकन कर विज्ञान से संबंधित विभिन्न मॉडल, प्रयोग एवं तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ आदिवासी संग्रहालय में उन्होंने पारंपरिक वस्तुओं, सांस्कृतिक धरोहरों एवं ऐतिहासिक प्रदर्शनों के बारे में जाना। विद्यार्थियों ने आदिवासियों के अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष, बस्तर के राजा दलपत देव से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों की जानकारी प्राप्त की।

## बिना सेफ्टी के पोल पर चढ़ रहे कर्मचारी

# बिजली के खंभे से गिरा ठेका कर्मी

### पहले भी दुर्घटना के शिकार हो चुके कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ठेलकाडीह

विद्युत विभाग ठेलकाडीह अतंर्गत कार्य कर रहे एक कर्मचारी हादसे का शिकार हो गया है। घटना रविवार की सुबह की है। ठेकेदार के अधीन कार्य करने वाला रिंकु वर्मा लाइन सुधार के लिए खंभे पर चढ़ा था इसी दौरान वह नीचे गिर गया।

इस हादसें में उसकी कमर और हाथ में गंभीर चोटे आई है। उपचार के लिए राजनांदगांव के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। इस हादसे के बाद से विद्युत विभाग और ठेकेदार की लापरवाही सामने आ रही है।

जानकारी के अनुसार ठेलकाडीह विद्युत विभाग में दो ठेकेदार के 6 कर्मचारी कार्य करते है। इन कर्मचारियों से फाल्ट सुधार कराया जाता है। हैरानी वाली बात यह है कि ठेलकाडीह विद्युत विभाग में तीन लाइनमैन है। सवाल यह है कि क्या ठेकेदार के कर्मचारियों से जोखिम भरा कार्य कराया जा सकता है?

#### मौत का सामना करते कर्मचारी

ठेकेदार के कर्मचारी बिना सुरक्षा उपकरणों के बिजली खंभो पर चढ़कर काम करते नजर आते है। कई कर्मचारियों के साथ दुखद घटनाएं भी हो चुकी है। कर्मचारी उपकरण मुहैया कराने की मांग करते रहते है लेकिन हमेशा कर्मचारियों को आश्वासन दिया जाता है। वह आवाज उठाने से नौकरी के जाने के भय से वह खामोश होकर प्रतिदिन मौत का सामना करते रहते है।



#### उपचार करा रहे

विद्युत सुधार के दौरान एक कर्मचारी के साथ हादसा हुआ है। उसका इलाज करा रहा हूं। सेफ्टी के लिए हर छह माह में उपकरण दिया जाता है।

**- सुरेन्द्र रामटेके,** ठेकेदार

#### पोल से गिरा कर्मी

विद्युत विभाग ठेलकाडीह के अधीन ठेका कर्मी रिंकु वर्मा सुधार कार्य के दौरान पोल से गिर गया। उसका उपचार चल रहा है।

**- पूरनलाल कंवर,** जेई

#### फाल्ट ठीक करने की जिम्मेदारी

विद्युत विभाग में लाइनमैन तैनात है जिसके बाद भी ठेकेदार के कर्मचारियों से कार्य कराया जाता है। यहीं कर्मचारी मरम्मत करते है। बिना सुरक्षा उपायों के कार्य करने से दुर्घटना होने का जोखिम बना रहता है। नियमानुसार इन कर्मचारियों को दस्ताने, पेचकस, टेस्टर, झूला, डिस्चार्ज के साथ सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, जूता मिलना चाहिए पर ठेकेदार और विभाग इन कर्मचारियों को जरूरी उपकरण उपलब्ध नही करा रहे है।

## गणगौर पूजा



**डोंगरगढ़।** धर्मनगर में गणगौर पूजा के तहत शिव और पार्वती के स्वरूपों के साथ मारवाड़ी समाज के घरों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महिलाएं और लड़कियां गदुला घूमर गीत गाकर भक्ति की परंपरा को जीवित रखे हुए हैं।

## पेंशनर्स का अधिवेशन आज

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन राजनांदगांव क्षेत्र का वार्षिक अधिवेशन कल 17 मार्च को वर्धमान नगर के कम्युनिटी हाल में आयोजित किया गया है। इस सम्मेलन में पेंशनरों की समस्याओं, संगठन की एकता और भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव ने सभी पेंशनरों से अधिवेशन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी एकजुटता का परिचय देने क आव्हान किया है। यह मंच न केवल विभागीय मुद्दों और पेंशन संबंधी मांगों पर चर्चा करने का है, बल्कि पुराने साथियों से भेंट और अनुभव साझा करने का भी एक अवसर है।

## मनरेगा मजदूरों की मजदूरी बकाया

**तुमडीबोड़।** जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि उसकी गलत नीतियों



के कारण आम जनता, किसान और मजदूर परेशान हैं। उन्होंने कहा कि वी बी जी राम जी योजना में निश्चित अवधि में मजदूरी भुगतान का दावा किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर मनरेगा अंतर्गत कार्य करने वाले मजदूरों की मजदूरी विगत ढाई–तीन महीनों से लंबित है। गरीब मजदूर मजदूरी के लिए भटकने मजबूर हैं, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

श्री यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार पंचायतों को विकास कार्यों के लिए राशि उपलब्ध कराने में विफल साबित हो रही है। मजदूरों की मजदूरी रोककर सरकार उनकी उपेक्षा कर रही है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। अधिकारियों से जानकारी लेने पर वह गोलमोल जवाब देकर जिम्मेदारी से बचने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द ही मनरेगा मजदूरों का लंबित भुगतान नहीं किया गया, तो कांग्रेस आंदोलन करने मजबूर होगी।

## कॉलेज के विद्यार्थियों को कोचिंग क्लास में दे रहे उपयोगी जानकारी



**एलबी नगर।** स्थानीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय में प्रत्येक शनिवार को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराने के लिए कोचिंग कक्षा संचालित होती हैं। इसके अंतर्गत महाविद्यालय में इनस्पिरेशनल टॉक का आयोजन प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापक प्रो एम बोकडे, बीआर चन्द्रवंशी, डॉ हेमलता गायकवाड़, रीना सलामे, अरुण साहू, सोनल नागवंशी ने पद प्राप्त करने तक के संघर्षों को छात्र छात्राओं के समक्ष रखा एवं भविष्य में सफलता हेतु बच्चों को मार्गदर्शन दिया। प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ सामान्य अध्ययन, नेट, सेट एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी राजेश चक्रधारी, डॉ कविता यदु एवं डॉ नम्रता द्वारा कराया जा रहा है। त्रिवेणी यादव, रितेश , नीलम एवं डेकेशवर ने बताया कि महाविद्यालय में संचालित कोचिंग क्लास से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में काफी मदद मिल रही है। कार्यक्रम में राहुल यादव, ज्योति वर्मा, कामिनी, रुपेश एवं अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## मंदिरों में नवरात्र पर्व की तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धर्मनगरी में आदिशक्ति की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि को व्यापक तैयारियां की जा रही है। मां बम्लेष्वरी ट्रस्ट समिति ने नौ दिन तक चलने वाले पर्व के दौरान देवी दर्शन के लिए आने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा, अनुष्ठान, पूजा अर्चना की तैयारी कर ली है। बाहर से आने वाले आचार्य और पंडितो की उपस्थिति में वैदिक अनुष्ठान और जाप के साथ 19 से 27 मार्च तक होने वाले विभिन्न धार्मिक आयोजन की रूपरेखा तैयार कर ली गई है।

जानकारी के अनुसार एकम को प्रातः भव्य आरती और श्रृंगार के साथ देर रात्रि मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की जाएगी। उपर मंदिर, नीचे मंदिर, शीतला मंदिर में पंचमी अभिषेक, काल रात्रि सप्तमी अभिषेक हवन पूजन के बाद 27 मार्च को ज्योति कलशों का विधिवत विसर्जन होगा। बम्लेष्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल एवं मंत्री महेन्द्र परिहार ने बताया कि दर्शनार्थियों को सुविधा मुहैया कराने के साथ सुरक्षा के पुख्तस इंतजाम किया गया है।




#### आवाजाही का मार्ग यथावत

इस बार दर्शनार्थियों की भीड को ध्यान में रखकर उपर मंदिर जाने के पुराने मार्ग को यथावत रखा जाएगा जबकि उपर मंदिर से उतरने वाली भीड को ध्यान में रखकर मोटल मार्ग पर नया रूट तैयार किया गया है।

#### होंगे धार्मिक आयोजन

नवरात्र के दौरान आचार्य राजकुमार पांडे, युवराज महाराज सहित दो दर्जन पंडितों के माध्यम से सभी अनुष्ठान पुर्ण किए जाएंगे। स्थापना के पूर्व ग्राम देवी देवता, छिन्न मस्ता माता, बगला मुखी माता, काल भैरव का आव्हान किया जाएगा। शहर के सभी देवी मंदिरों, शीतला मंदिरों के साथ करेला मंदिर, विंध्यवासनी मंदिर, कारीपाठ मंदिर, रेंगाकठेंरा गढमाता मंदिर में भी नवरात्रि पर्व की तैयारी की गई हैं। माता के गर्भग्रह की सजावट के लिए कलकता के कारीगर और फूल मंगवाए गए है।

## प्रभारी मंत्री गजेन्द्र पहुंचे बिंदल निवास परिजनों से सौजन्य मुलाकात

**राजनांदगांव।** जिले के प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव ने शहर प्रवास के दौरान भाजपा नेता आलोक बिंदल के निवास पहुंचकर उनसे सौजन्य भेंट की। मंत्री श्री यादव ने बिंदल परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और आत्मीय चर्चा की। मुलाकात के दौरान पारिवारिक एवं सामाजिक विषयों पर भी बातचीत हुई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रभारी मंत्री का आत्मीय स्वागत किया।

इस अवसर पर कोमल सिंह राजपूत, अमर लालवानी, लक्ष्मण लोहिया, राजू डागा, अरुण शुक्ला, अशोक पांडे, मनोज निर्वाणी, संजय तेजवानी, मुन्ना यादव, मुकेश शर्मा, प्रशांत गुप्ता, निखिल दास, संजय सोनी, सूरत कन्नौजे, अजय बिंदल, राजेंद्र अग्रवाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। साथ ही पिताश्री मनोहर लाल बिंदल, माताश्री सावित्रीदेवी बिंदल एवं परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद थे। श्री यादव ने कहा कि ऐसी आत्मीय मुलाकातें जनप्रतिनिधियों और समाज के बीच संवाद और विश्वास को मजबूत करने का कार्य करती है।



#### आत्मीय माहौल में हुई मुलाकात

इस अवसर पर क्षेत्र की विभिन्न गतिविधियों और जनहित के मुद्दों पर भी संक्षिप्त चर्चा की गई। भेंट के दौरान परिवारजनों ने मंत्री का आभार व्यक्त किया। पूरी मुलाकात सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। जिसमें संगठनात्मक एवं सामाजिक विषयों पर भी विचार साझा किए गए।

## गैस सिलेंडर की किल्लत, कांग्रेस ने दिया धरना





हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

■ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

शहर में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी को लेकर कांग्रेस नेताओं और व्यापारियों ने सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंचकर विरोध जताया और ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विजयराज सिंह के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि शासन की ओर से लगातार यह दावा किया जा रहा है कि रसोई गैस की कमी नहीं है। वहीं गैस एजेंसियों द्वारा होटल, ढाबा और अन्य दुकानों को कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिससे व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया कि कई छोटे प्रतिष्ठान एलपीजी पर निर्भर हैं और सिलेंडर नहीं मिलने पर कारोबार बंद करने की नौबत आ सकती है, जिससे वहां कार्यरत मजदूरों की रोजी-रोटी पर संकट आ जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन से इस गंभीर समस्या का समाधान करने की मांग की है।

#### कांग्रेस आज करेगी विस का घेराव

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कल 17 मार्च का विधानसभा घेराव आंदोलन का आव्हान किया है। आंदोलन को लेकर नवीन विश्राम भवन में बैठक आयोजित की गई। बैठक मे प्रभारी हेमा देशमुख, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, थानेश्वर पटिला, संध्या देशपांडे, प्रदीप शर्मा, पंकज बाँधव, विष्णु लोधी ने शामिल होकर अपने सुझाव दिए। बैठक का संचालन शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरीश भंडारी एवं आभार प्रदर्शन पंचराम चंदेल ने किया। बैठक में कुसुम दुबे, खैरु निशा, ममता शिंदे, ललित साखरे, अनिल मेश्राम, रिमी भाटिया, शिशुपाल भारती, माया सिंगाडे, जितेंद्र भाटिया, विजय राज, रामजी तराने, प्रमोद टेम्बुलकर, मतीन खान, नरेश करसे, दिनेश साखरे, के विनायक राव, जय किशोर अंबादे, ऋषि शर्मा, कृष्णा गुप्ता, संजीव गुप्ता , केशव टांडी, छगन साहू, संतोष सिन्हा, संजय सिन्हा, ईश्वर साहू, मंगल साहू, सुधीर शिंदे, अमीन उके, विश्राम वर्मा, सुमित खोबरागड़े, पप्पू इंदुलकर, विजय सरजारे, बबलू खोबरागड़े, जगतारण यादव, अखिल, दुलीचंद बडोले, गणपत रजक, लालाराम वर्मा, किशोर अंबादे, सुरेंद्र अंबादे, प्रशांत कांडे, पंकज सोनी, सुरेश चौधरी, ओमप्रकाश महानदी, अमरीश टांडिया सहित अन्य शामिल हुए।

### भजन मंडली ने प्रस्तुत की झांकी

# दुबेलिया साहू समाज ने मनायी कर्मा जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

दुबेलिया तेली साहू समाज ने भक्त माता कर्मा की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया।जिला स्तरीय कार्यक्रम में सर्वप्रथम माता कर्मा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पूजा अर्चना की गई। आरती एवं खिचड़ी का भोग लगाया गया।

माता कर्मा की जीवन लीला को भजन मंडली सिलपट्टी ने झांकी के माध्यम से दिखाया।

इस अवसर पर शिव कुमार साहू, संतोष साहू, बृजलाल साहू, टिलेश्वर साहू, विप्लव साहू, केशव साहू, धनऊ राम साहू , रामसुख साहू, केशव साहू, सीआर साहू, ब्लॉक अध्यक्ष सत्यपाल साहू, बद्रीराम साहू, मनीष साहू, डॉ मोरध्वज साहू, संतोष साहू, विष्णु साहू, अवधराम, राजकुमार, प्रेमलाल, छन्नूराम, सालिकराम, पार्वती साहू, पुष्पा, जयंती, चंद्रिका, रितु, संतोषी, संतराम, आत्माराम, मायाराम, पूरन, कुशाल, अनिल, सतीश साहू, पंचकुमार सिलोटिया, नारद, किशन सिलोटिया, रवि साहू, अशोक साहू, विनोद साहू, मनसुख साहू, भूपेंद्र साहू, घनश्याम, दिनेश, बिहारी, जितेन, मनराखन, अमीर साहू, अमरनाथ, भागवत राम, लखनू साहू, भुनेश्वर, किशोर, पवन, मनोज साहू , रामखेलावन, डॉ यशवंत साहू, चमारराय, दुवासु साहू, मनसुख साहू, कुंज साहू, राजेश साहू, पूर्णानंद, सुदामा साहू, अशोक साहू, मनोहर साहू, कृष्णा साहू, वरुण साहू, ओंकार साहू, प्रकाश साहू, धनुष साहू, राजू साहू, पलटन साहू, शिवरतन साहू, बहल साहू, कमलेश साहू, गणेश साहू, गौकरण साहू सहित अन्य उपस्थित थे। संचालन बद्री राम साहू एवं सीआर साहू ने किया।

#### आदर्शों पर विस्तार से डाला प्रकाश

उक्त मौके पर समाज के पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। केंद्रीय अध्यक्ष शिव कुमार साहू ने कहा कि माता कर्मा ने तेली समाज में जन्म लेकर पूरे समाज को एक दिशा दिखाने का कार्य किया। उन्होंने उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकार ने कहा कि माता कर्मा अपने समर्पण भाव और अनुपम शक्ति से संसार को श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है। जिला पंचायत सभापति ललित चोपड़ा, जिला साहू संघ के अध्यक्ष टिलेश्वर साहू, सर्व साहू समाज के जिला अध्यक्ष विप्लव साहू, डॉ. सियाराम साहू, केशव राम साहू सहित अन्य ने संबोधित किया। तत्पश्चात बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर मंगल भवन टिकरीपारा से कलश यात्रा निकाला जो जयस्तंभ चौक, बस स्टैंड, बाजार लाइन, जैन मोहल्ला, राजमहल चौक, बिजली ऑफिस होते हुए वापस मंगल भवन पहुंची। अंत में महाप्रसादी वितरण किया गया।

## पेज 09 का शेष

### मोहला-मानपुर में...

1 नग इंसास राइफल, मैगजीन जिसमें 15 नग जिंदा कारतूस, पावर बैंक, दवाईयां, बैग, खाद्य सामग्री एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद कर जब्त की गई है। बरामद किए गए इंसास रायफल नक्सलियों द्वारा सन 2010 में कांकेर जिला थाना दुर्गकोंडल के क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भुस्की से लूटा गया था। मुठभेड़ में शामिल नक्सलियों में राजे, मंगेश, हिडमे एवं अन्य के विरुद्ध विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10, 13, 18, 20, 38(1)(2) तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत औंधी थाना में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

**कार्यालय, ग्राम पंचायत जालबांधा**
जपं खैरागढ़, जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)

क्रमांक- 16/ ग्रापं /2026-27 दिनांक 12/03/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सत्र 2026/27 के लिए ग्राम पंचायत अंतर्गत आने वाले साप्ताहिक बाजार/पार्किंग स्टैंड की नीलामी बुधवार दिनांक 25/03/2026 को दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत द्वारा बैठक मे पारित प्रस्ताव अनुसार किया जाना है जिसकी नीलामी कार्यालय भवन मे नियमानुसार होगी।

1. साप्ताहिक बाजार - अमानत राशि 25,000/-रूपए
2. पार्किंग स्टैंड - अमानत राशि 10, 000/-रुपए

इच्छुक बोलीकर्ता अमानत राशि जमा कर नीलामी बोली मे शामिल हो सकते है, नीलामी को लेकर नियम व शर्तो का अवलोकन कार्यालयीन समय मे सूचना पटल पर किया जा सकता है।

श्रीमती संतोषी जयराम वर्मा
सरपंच

दुलार कोसरे
सचिव







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल भी सुबह की पाली में

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी एवं बोड़ला ब्लॉक अध्यक्ष गोकुल जायसवाल की जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा से हुए मुलाकात के बाद जिले के हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों को भी प्रातः पाली में लगाने का संशोधित आदेश जारी हो गया है। इस आदेश के बाद अब जिले की समस्त शालाएँ 17 मार्च से प्रातः 7:30 से 11:30 बजे तक लगेगी।

# भोरमदेव महोत्सव आज, जगराता एवं लोकगीतों के गायक दिलीप षड़ंगी देंगे प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में प्रत्येक वर्ष होने वाले भोरमदेव महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई है। भोरमदेव कॉरिडोर का निर्माण कार्य प्रगतिरत होने के कारण इस बार कार्यक्रम की रूपरेखा में थोड़ा बदलाव किया गया है, ताकि महोत्सव के आयोजन की परंपरा अनवरत जारी रहे। महोत्सव स्थल को परिवर्तित करते हुए आयोजन बोड़ला रोड, ग्राम पंचायत छपरी में किया जा रहा है। महोत्सव का आयोजन 17 मार्च दिन मंगलवार को होने जा रहा है।

### भरतनाट्यम-कथक और बैगा नृत्य से सजेगा सांस्कृतिक मंच

भोरमदेव महोत्सव में इस वर्ष छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और भारतीय शास्त्रीय कला की झलक देखने को मिलेगी। महोत्सव में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध जगराता एवं लोक गायक दिलीप षडंगी अपनी विशेष प्रस्तुति देंगे। वे जगराता और भजन गायन के माध्यम से दर्शकों को भक्ति और लोकसंगीत के रंग में सराबोर करेंगे। महोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर दिलीप षडंगी की प्रस्तुति प्रमुख आकर्षण रहेगी। उनके साथ-साथ कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी, जिनमें भरतनाट्यम और कथक जैसे शास्त्रीय नृत्य, बैगा जनजाति के पारंपरिक नृत्य तथा भजन गायन शामिल हैं। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा, आदिवासी संस्कृति और भारतीय शास्त्रीय कला का सुंदर संगम देखने को मिलेगा। महोत्सव में स्थानीय और अंचल के कलाकारों को भी मंच दिया जा रहा है।



### इस बार ग्राम छपरी में आयोजित हो रहा है महोत्सव

भोरमदेव कॉरिडोर का निर्माण कार्य प्रगतिरत होने के कारण इस बार कार्यक्रम की रूपरेखा में थोड़ा बदलाव किया गया है, ताकि महोत्सव के आयोजन की परंपरा अनवरत जारी रहे। महोत्सव स्थल को परिवर्तित करते हुए आयोजन इस बार बोड़ला रोड, ग्राम पंचायत छपरी में किया जा रहा है। महोत्सव का आयोजन 17 मार्च दिन मंगलवार को होने जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। महोत्सव में पहुंचने वाले लोगों की बैठक व्यवस्था, पार्किंग, जेयजल आदि की व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## सत्यमदास हत्याकांड का खुलासा : शिक्षक को मारने वाला छात्र अभिरक्षा में लिया गया

# 50 हजार नंबरों को जांचा, सैकड़ों फूटेज देखा तब पहुंचे हत्या करने वाले तक और पकड़ लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा कोतवाली क्षेत्रांतर्गत लालपुर नर्सरी के पीछे करीब दो माह पूर्व 17 जनवरी को हुई एक डांस टीचर की हत्या के बहुचर्चित मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। इस मामले में पुलिस ने एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। पुलिस की माने तो मृतक द्वारा अप्राकृतिक संबंध बनाने को लेकर विधि से संघर्षरत नाबालिग बालक को ब्लैकमेल किया जा रहा था, जिससे तंग आकर नाबालिग ने हत्या की घटना को अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह ने सोमवार को एक प्रेसवार्ता आयोजित कर इस पूरे हत्याकाण्ड का खुलासा किया। श्री सिंह ने बताया कि गत 17 जनवरी 2026 को थाना कवर्धा क्षेत्र अंतर्गत लालपुर नर्सरी के पीछे सड़क पर एक युवक का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही कबीरधाम पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया कि युवक के गले में चाकू से वार कर उसकी हत्या की गई है। जांच के दौरान मृतक की पहचान सत्यमदास मानिकपुरी पिता नामदास मानिकपुरी आयु 27 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 26 घोठिया रोड कवर्धा के रूप में हुई। मृतक पेशे से डांस शिक्षक था तथा पांडातराई क्षेत्र के एक निजी स्कूल में बच्चों को डांस सिखाता था। घटना के संबंध में थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 30/2026 धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज बालाजी राव (आईपीएस) के द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही थी एवं दिशा निर्देश दिए जा रहे थे। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस नेतृत्व पुष्पेन्द्र बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल तथा एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक, उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चन्द्राकर एवं उप पुलिस अधीक्षक आशीष शुक्ला के पर्यवेक्षण में अलग-अलग विशेष टीमें गठित की गई। उक्त टीमों द्वारा लगभग 56 दिनों तक लगातार इस प्रकरण की सूक्ष्म एवं गहन विवेचना की गई।

### डांस टीचर अप्राकृतिक संबंध बनाने के लिए नाबालिग को करता था ब्लैकमेल



पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने बताया कि विवेचना के दौरान कबीरधाम पुलिस द्वारा हर संभावित एंगल से जांच की गई। लगभग 50 हजार से अधिक मोबाइल नंबरों के कॉल डाटा का तकनीकी विश्लेषण किया गया तथा 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को विभिन्न स्थानों से एकत्र कर बारीकी से परीक्षण किया गया। घटनास्थल के आसपास के मार्गों, संभावित आवागमन के रास्तों तथा संदिग्ध गतिविधियों से जुड़े सभी फुटेज का लगातार विश्लेषण किया गया। इसके अतिरिक्त मृतक के साथ कार्य करने वाले उसके मित्रों, परिचितों तथा आसपास के मोहल्लों में रहने वाले 100 से अधिक व्यक्तियों से विस्तृत पूछताछ की गई। साथ ही क्षेत्र के बदमाश प्रवृत्ति के व्यक्तियों, पूर्व अपराधियों तथा नशा करने वाले लगभग 40 से 50 संदिग्ध व्यक्तियों को भी थाने लाकर पूछताछ की गई। कबीरधाम पुलिस द्वारा प्रत्येक संभावित एंगल को गंभीरता से जांचते हुए तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर मामले की कड़ियों को जोड़ा गया। विवेचना के दौरान कबीरधाम पुलिस द्वारा तकनीकी अनुसंधान के अंतर्गत एथिकल हैकिंग तकनीकों की सहायता लेकर मृतक के इंस्टाग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म का भी परीक्षण किया गया तथा मृतक के मित्रों द्वारा किए गए मैसेज एवं डिजिटल गतिविधियों का विश्लेषण किया गया, जिससे विवेचना को महत्वपूर्ण दिशा प्राप्त हुई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कबीरधाम द्वारा मामले में महत्वपूर्ण सुराग अथवा आरोपी के संबंध में जानकारी देने वाले व्यक्ति के लिए 10,000 के नगद इनाम की घोषणा भी की गई थी। लगातार की गई तकनीकी जांच एवं विश्लेषण के दौरान महत्वपूर्ण सुराग प्राप्त हुए, जिसके आधार पर संदेह एक विधि से संघर्षरत नाबालिग बालक पर गया।

### मृतक की ब्लैक मेलिंग से त्रस्त था विधि से संघर्षरत नाबालिग बालक

जांच में यह तथ्य सामने आया कि मृतक एवं विधि से संघर्षरत नाबालिग बालक के बीच लगभग 3 माह पूर्व से जान-पहचान थी तथा दोनों के बीच अप्राकृतिक शारीरिक संबंध बने हुए थे। बाद में इसी संबंध को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया तथा मृतक द्वारा विधि से संघर्षरत नाबालिग बालक को बार-बार और संबंध बनाने के लिए ब्लैकमेल किया जा रहा था। प्राप्त सुरागों के आधार पर विधि से संघर्षरत नाबालिक बालक को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने बताया कि घटना वाले दिन उसने मृतक को व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से अपने पास बुलाया। इसके बाद दोनों एक स्कूटी वाहन से घटनास्थल की ओर गए। वह अपने घर से पहले ही चाकू लेकर निकला हुआ था। घटनास्थल पर पहुंचते ही उसने मृतक के गले में चाकू से वार कर दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद विधि से संघर्षरत नाबालिग बालक ने मृतक का मोबाइल फोन एवं सिम नदी में अलग-अलग स्थानों पर फेंक दिया था। उसे घटना स्थल पर ले जाकर घटना का सीन रिक्रिएट कराया गया तथा उसके बताए अनुसार स्थानों पर तलाशी ली गई। निशानदेही के दौरान नदी में फेंका गया मृतक का मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है, जबकि सिम कार्ड की तलाश की जा रही है।

### पुलिस ने जब्त की कई सामग्री

कबीरधाम पुलिस द्वारा विधि से संघर्षरत नाबालिग बालक के कब्जे से घटना में उपयोग की गई स्कूटी जप्त की गई है। इसके अतिरिक्त घटना के समय पहने हुए खून से सने कपड़ों को उसने अपने पैतृक गांव में छिपा दिया था, जिन्हें उसके बताए अनुसार बरामद किया गया। घटना में प्रयुक्त चाकू पहले से ही पुलिस ने जप्त कर लिया है। जांच के दौरान नाबालिग बालक के मोबाइल फोन का परीक्षण किया गया, जिसमें उसके द्वारा विभिन्न विषयों से संबंधित इंटरनेट सर्च किए जाने के तथ्य सामने आए। मोबाइल की सर्च हिस्ट्री में अपराध करने के बाद कैसे छुपा जाए, मोबाइल ट्रैकिंग से कैसे बचें, मनोविज्ञान से जुड़े विषय, सोशल मीडिया के प्रभाव, डर का पैटर्न, दिमाग और भविष्य से जुड़े विषय, साइकॉलोजिकल थ्रिलर, साउंड प्रूफ केमरे से संबंधित जानकारी, मानसिक थकान, सेल्फ हार्म के कारण, लड़कियों से बातचीत के तरीके आदि विषयों से संबंधित सर्च पाए गए। उक्त मोबाइल का गवाहों के समक्ष परीक्षण कर आवश्यक स्क्रीनशॉट लेकर विधिवत पंचनामा तैयार किया गया। उपलब्ध तकनीकी साक्ष्यों, परिस्थितिजन्य प्रमाणों एवं पूछताछ के आधार पर विधि से संघर्षरत नाबालिग बालक को विधिवत अभिरक्षा में लेकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### मामले को सुलझाने में इनका रहा योगदान

इस मामले के निराकरण में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेश कश्यप, साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक महेश प्रधान, उप निरीक्षक रघुवंश पाटिल, उप निरीक्षक विनोद खाण्डे, सहायक उप निरीक्षक राजकुमार चंद्रवंशी, सहायक उप निरीक्षक कौशल साहू, सहायक उप निरीक्षक बंदे सिंह मरावी, सहायक उप निरीक्षक चन्द्रकांत तिवारी, सहायक उप निरीक्षक संजीव तिवारी, सहायक उप निरीक्षक आशीष सिंह, प्रधान आरक्षक चुम्मन साहू, प्रधान आरक्षक अभिनव तिवारी, प्रधान आरक्षक वैभव कल्चुरी, आरक्षक आकाश राजपूत, आरक्षक उपेन्द्र सिंह ठाकुर, आरक्षक मनीष कुमार, आरक्षक शिवम् मण्डावी, आरक्षक अजय यादव, आरक्षक रोशन विश्वकर्मा, आरक्षक शैलेन्द्र निषाद, आरक्षक नेम सिंह ठाकुर, आरक्षक नारायण पटेल, आरक्षक गज्जू ठाकुर, आरक्षक अमित ठाकुर, आरक्षक लेखा चन्द्रवंशी, आरक्षक संदीप शुक्ला, आरक्षक विकास श्रीवास्तव, आरक्षक रवि आडिले, आरक्षक वारिस खान, आरक्षक गोपाल सिंह ठाकुर, आरक्षक पुरन दास डाहिरे, आरक्षक विजय शर्मा, आरक्षक शिवाकांत शर्मा, आरक्षक ईश्वर चंद्रवंशी, आरक्षक विजय चंद्रवंशी, आरक्षक हुकुम माथुर, आरक्षक राजेन्द्र चंद्रवंशी, आरक्षक धर्मेन्द्र मरावी, आरक्षक अजय वैष्णव, आरक्षक हीरेन साहू, आरक्षक संतोष बंदेकर, एवं नगर सैनिक अनिल पांडे का विशेष योगदान रहा।

# निर्माणाधीन सड़क की ऊंचाई बढ़ाए जाने की मांग

## सड़क के ऊपर से बहता है बारिश का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

क्षेत्रवासियों की वर्षो पुरानी मांग को पूरा करते हुए शासन ने हाल ही में विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव से हथमुड़ी तक प्रधानमंत्री सड़क निर्माण के लिए करोड़ों रूपए की राशि स्वीकृत की है।

ग्रामीणों की माने तो सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद संबंधित विभागीय ठेकेदार ने इसका निर्माण कार्य भी प्रारंभ कर दिया है। लेकिन ग्रामीणों की माने तो वर्षो से जर्जर और खस्ताहाल पड़े इस मार्ग में ग्राम कोलेगांव-बसनी के पास निर्मित पुलिया से सड़क का लेबल काफी नीचे हो गया है। जिसके कारण बारिश के दिनो पुलिया का पानी सड़क के ऊपर से बहता है और आने जाने वाले ग्रामीणों, किसानो तथा स्कूली विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कराने वाली कार्य ऐजेंसी के अधिकारियों तथा संबंधित ठेकेदार से सड़क निर्माण के दौरान सड़क की ऊंचाई बढ़ाए जाने की मांग की है ताकि बारिश के दिनो पुलिया का पानी सड़क के ऊपर से न बहे और क्षेत्रवासियों को आवागमन में किसी प्रकार की कोई परेशानी न उठानी पड़े।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि अगर इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज करते हुए सड़क का निर्माण किया गया तो आने वाले दिनो सड़क पुनः उखडने और जर्जर होने की पूरी संभावना है। ग्रामीणों ने बताया कि ऐसी ही समस्या ग्राम कोलेगांव के पास पुलिया के करीब 100 मीटर इस पार और 50 मीटर उस पार भी सड़क का लेवल इतना नीचे है की बारिश के सीजन में सड़क के ऊपर से पुलिया का पानी चलता है। ऐसी स्थिति यहां भी सड़क की ऊंचाई बढ़ाने की आवश्यकता है। क्षेत्रवासियों तथा पंचायत पदाधिकारियों ने शासन प्रशासन तथा क्षेत्रीय विधायक से इन तमाम समस्याओं का समाधान कराते हुए गुणवत्ता पूर्ण सड़क निर्माण की मांग की है ताकि ग्रामीणों लम्बे समय तक बेहतर आवागमन की सुविधा सुचारू से मिल सके।।



### सीसी रोड एवं नाली निर्माण की मांग

कोलेगांव के ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं ठेकेदार से ग्राम कोलेगांव के नाला से लेकर गांव अंदर तक सीसी रोड निर्माण एवं सड़क के दोनो और नाली निर्माण कराए जाने की भी मांग की है ताकि बारिश और निस्तारी के पानी का बेहतर ढंग से निष्पादन हो सके और पानी सड़क पर फेले।

### नहीं बढ़ाई जा सकती ऊंचाई

नवीनीकरण कार्य है इसमें ज्यादा कुछ नही किया जा सकता इसमें सिर्फ गिट्टी डाल कर डामरीकरण किया जा रहा है । नया रोड बनता है उसमें हाइट बढ़ाई जाती है इसमें जैसा है वैसे ही बन रहा है।

**संतोष सिंह ठाकुर**
**कार्यपालन अभियंता, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क कबीरधाम**

## मलेरिया पर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय अंतर्राज्यीय, अंतरजिला क्रॉस बॉर्डर मलेरिया कार्यशाला का आयोजन विकासखंड बोड़ला के रेंगाखारकला में सफलतापूर्वक किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में मलेरिया नियंत्रण एवं उन्मूलन के लिए विभिन्न राज्यों एवं जिलों के स्वास्थ्य विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करना, अनुभवों का आदान-प्रदान करना तथा प्रभावी रणनीति तैयार करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ राजकीय गीत एवं स्वागत गीत के साथ गरिमामय वातावरण में हुआ। उपस्थित अतिथियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया तथा कार्यशाला के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला गया।


## नर्सरी को आरटीई में शामिल करने एनएसयुआई ने सौंपा ज्ञापन

**कवर्धा।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयुआई कबीरधाम के जिला महासचिव अमन वर्मा के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी, कबीरधाम को ज्ञापन सौंपकर शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत नर्सरी कक्षा को पुनः शामिल करने की मांग की गई। इस दौरान एनएसयुआई प्रदेश सचिव आनंद चंद्रवंशी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि एक तरफ सरकार शिक्षा के बड़े-बड़े दावे करती है वहीं दूसरी तरफ गरीब श्रमिक और वंचित वर्ग के बच्चों से नर्सरी जैसी बुनियादी शिक्षा का अधिकार छीना जा रहा है। आरटीइई के तहत निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत आरक्षण के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षा का अवसर मिलता रहा है, लेकिन नर्सरी कक्षा को आरटीई से बाहर कर भाजपा सरकार ने गरीब बच्चों के भविष्य पर सीधा प्रहार किया है। एनएसयुआई जिला महासचिव अमन वर्मा ने कहा कि नर्सरी शिक्षा बच्चों के जीवन की पहली सीढ़ी है और इसी सीढ़ी को तोड़कर भाजपा सरकार गरीब परिवारों के बच्चों को शुरुआत में ही शिक्षा की दौड़ से बाहर करना चाहती है। यह फैसला केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि गरीब विरोधी, छात्र विरोधी और सामाजिक न्याय के खिलाफ साजिश है। एनएसयुआई पूर्व जिला अध्यक्ष मेहुल सत्यवंशी ने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा की बात कम और गरीब बच्चों का हक छीनने का काम ज्यादा कर रही है। नर्सरी को आरटीई से बाहर करना साफ बताता है कि इस सरकार की नीयत वंचित वर्ग के बच्चों को बेहतर शिक्षा से दूर रखने की है। एनएसयुआई इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने आगे कहा कि यदि शासन-प्रशासन ने शीघ्र नर्सरी कक्षा को पुनः आरटीई के अंतर्गत शामिल करने की पहल नहीं की तो एनएसयुआई सड़क से लेकर कार्यालय तक उग्र आंदोलन करेगी। गरीब बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को जनता जवाब देगी। ज्ञापन सौपने के दौरान एनएसयुआई कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नगर में धूमधाम से मनाया जाएगा हिन्दू नववर्ष, तैयारियां प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

चैत्र नवरात्र और विक्रम संवत 2083 के स्वागत की तैयारी शुरू हो गई है। हिंदू नववर्ष आयोजन समिति एवं सर्व हिंदू समाज पांडातराई द्वारा हिंदू नव वर्ष की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। इस बारे में सनातनी सचिन गुप्ता, नमन गुप्ता, मानस मिश्रा, राजा यादव आदि ने बताया कि हिंदू नववर्ष का उत्सव काफी धूमधाम से मनाया जाएगा। हिंदू सनातनी युवाओं द्वारा ध्वज, दीवाल लेखन द्वारा हिंदू नव वर्ष का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। इसी कड़ी में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष निकलने वाली भव्य रैली की तैयारी को लेकर हिंदू युवा उत्सव समिति द्वारा महामाया मंदिर में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक रात्रि 7:30 बजे प्रारंभ हुई जिसमें बड़ी संख्या में सनातन धर्म प्रेमी युवाओं एवं समिति के पदाधिकारीयों ने उपस्थित होकर रैली की रूपरेखा पर चर्चा की। बैठक में वाहन रैली को भव्य, अनुशासित एवं सफल बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। रैली के मार्ग निर्धारण, सुरक्षा व्यवस्था, सजावट, ध्वज एवं अन्य तैयारियों के लिए जिम्मेदारी भी तय की गई। उपस्थित सभी सदस्यों ने एकजुट होकर चैत्र नवरात्रि की वाहन रैली को सफल बनाने का संकल्प लिया। समिति के सदस्यों ने सभी सनातन धर्म प्रेमियों से अपील की है की वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाए।



## अंचल के मौसम में फिर बदलाव

**कवर्धा।** अंचल के मौसम में एक बार फिर से बदलाव देखने को मिल रहा है। बीते दो तीन दिनो से तेज धूप के बीच अचानक तेज हवा और आसमान में बदली छा रही है। इस दौरान हल्की बूंदा-बांदी भी देखने को मिल रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इन दिनो खेतों में रबि फसल तैयार खड़ी है और कुछ किसानो ने इसकी कटाई भी शुरूकर दी है। ऐसे में मौसम का यह मिजाज किसानो की न सिर्फ चिंता बढ़ा रहा है बल्कि उन्हें डरा भी रहा है।

## आयोजन में प्रस्तुति देने बड़ी संख्या में जुटी क्षेत्र की फाग मंडलियों ने बांधा शानदार समां

# ग्राम नेउरगांव कला में रंगोत्सव और होली मिलन की धूम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

विकासखंड बोड़ला अंतर्गत ग्राम नेउरगांव कला में मां महामाया समिति के तत्वावधान में एक दिवसीय भव्य रंगोत्सव एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र की विभिन्न फाग मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियों से पूरे वातावरण को भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना दिया। गांव के युवा आशु चंद्रवंशी ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण संस्कृति को सहेजना और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना है। होली का त्योहार हमें बैर-भाव भुलाकर प्रेम से रहने का संदेश देता है और फाग गीतों के माध्यम से हमारी यह परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी जीवंत बनी हुई है। कार्यक्रम की शुरुआत सरपंच विवेकानंद चंद्रवंशी, मदनबिहारी चंद्रवंशी और आशु चंद्रवंशी सहित उपस्थित ग्रामवासियों द्वारा भगवान राधा-कृष्ण की विधि-विधान से आरती कर की गई। इसके पश्चात फाग मंडलियों के द्वारा मेल-मिलाप का दौर शुरू हुआ। समारोह में मुख्य रूप से ग्राम मानिकपुर, खैरीपार, सुखाताल, सारंगपुर और लखनपुर सहित कई अन्य गांवों की फाग मंडलियां शामिल हुईं। नगाड़ों-मंजीरों की थाप पर गाए गए पारंपरिक फाग गीतों ने ऐसा समां बांधा कि उपस्थित जनसमूह झूमने पर मजबूर हो गया।

### प्रतिभाशाली टोलियों का किया गया सम्मान

कार्यक्रम में उत्साहवर्धन हेतु प्रत्येक फाग टोली को सम्मानित किया गया। जनपद सदस्य संगीता रोहित चंद्रवंशी की ओर से प्रत्येक टोली को 300 रुपये साथ ही पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता आशु चंद्रवंशी द्वारा प्रत्येक टीम को भगवान श्री रामचंद्र जी का सुंदर तैल चित्र और श्रीफल भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। समारोह को सफल बनाने में मां महामाया समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर मोरध्वज चंद्रवंशी, कोमल चंद्रवंशी, होली चंद्रवंशी, सुशील चंद्रवंशी, विश्वनाथ चंद्रवंशी, बद्री चंद्रवंशी, चंद्रिका चंद्रवंशी, भगवान सिंह चन्द्रवंशी, धर्मेन्द्र चंद्रवंशी, बंशी चंद्रवंशी, कुशल चंद्रवंशी, गणेश चंद्रवंशी, घनश्याम चंद्रवंशी, मालिक चंद्रवंशी, बालाराम चंद्रवंशी,जितेंद्र चंद्रवंशी, राकेश चंद्रवंशी, कुंभु चंद्रवंशी, रोहित चंद्रवंशी सहित भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## सार समाचार

### गैस के बढ़ते दामों और नशे से जनता परेशान



**राजनांदगांव**। रसोई गैस के लगातार बढ़ते दामों से आम जनता काफी परेशान है। महंगाई की मार झेल रहे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए अब घर का चूल्हा जलाना भी मुश्किल होता जा रहा है। कांग्रेस सेवादल की अध्यक्ष पायल बारमाटे ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ रही है। जिससे गरीब और गरीब होता जा रहा है। लोगों का कहना है कि रसोई गैस के दामों में लगातार वृद्धि से घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ गया है और आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। समोदा के बाद अब बलरामपुर में अफीम खेती का मामला, कांग्रेस ने भाजपा कार्यालय का घेराव किया। दुर्ग क्षेत्र के ग्राम समोदा में भाजपा पदाधिकारी विनायक ताम्रकार द्वारा अफीम की खेती का मामला सामने आने के बाद अब बलरामपुर में भी इसी प्रकार का मामला सामने आया है। इन घटनाओं से प्रदेश में नशे के बढ़ते कारोबार को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### अवैध कब्जा और अतिक्रमण के विरूद्ध कार्रवाई



**राजनांदगांव**। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा और अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में एसडीएम राजनांदगांव गौतम पाटिल के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम द्वारा ग्राम मनगटा एवं झुराडबरी में अवैध कब्जा एवं अतिक्रमण पर कार्रवाई की गई। ग्राम मनगटा के वन चेतना केन्द्र में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा और अतिक्रमण कर बनाए गए रिसॉर्ट पर बुलडोजर चलाकर हटाया गया। इसी तरह ग्राम झुराडबरी में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर बनाए गए कच्चा रास्ता व प्रवेश द्वार, शौचालय व नाली निर्माण को हटाया गया। इसके साथ ही अतिक्रमण करने वाले ग्राम झुराडबरी निवासी प्रमोद चौधरी, राघवेन्द्र सिंह एवं हेमंत सिंग पर अर्थदंड लगाया गया। इस दौरान अवैध कब्जा और अतिक्रमण करने वालों को भविष्य में शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या अवैध कब्जा कर निर्माण नहीं करने की हिदायत दी गई। जिले में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा और अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### रस्तोगी कॉलेज में एनाटॉमी प्रदर्शनी का आयोजन



**राजनांदगांव**। रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग टेडेसरा राजनांदगांव में बीएससी नर्सिंग के प्रथम सेमेस्टर 25-26 विद्यार्थियों द्वारा एनाटॉमी प्रदर्शनी का आयोजन 11 मार्च को किया गया। प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानव शरीर की संरचना एवं उसके विभिन्न अंगों के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने मानव शरीर के विभिन्न तंत्रों जैसे पाचन तंत्र, श्वसन तंत्र, हृदय तंत्र, तंत्रिका तंत्र एवं अस्थि तंत्र से संबंधित आकर्षक मॉडल, चार्ट एवं पोस्टर प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने इन मॉडलों के माध्यम से आगंतुकों को मानव शरीर की कार्यप्रणाली के बारे में सरल और प्रभावी तरीके से जानकारी दी। इस अवसर पर अतिथियों को नर्सिंग पाठ्यक्रम के महत्व एवं इसके माध्यम से समाज सेवा, स्वास्थ्य देखभाल तथा उज्ज्वल करियर के अवसरों के बारे में भी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि नर्सिंग क्षेत्र में प्रशिक्षित होकर वे मरीजों की सेवा करते समाज में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. अरुणा मसीह ने कॉलेज के अनुभवी एवं योग्य शिक्षकगणों के मार्गदर्शन की भी सराहना की और बताया गया कि कॉलेज में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। जिससे वे एक कुशल एवं संवेदनशील नर्स के रूप में विकसित हो सकें। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षकगण एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

### दिग्विजय कॉलेज में अतिथि व्याख्यान



**राजनांदगांव**। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। उक्त व्याख्यान का आयोजन प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन तथा समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. एके मंडावी एवं समाज कार्य विभागाध्यक्ष ललिता साहू के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। व्याख्यान के लिए मुख्य वक्ता के रूप में श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी भिलाई से समाजशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में प्रो. डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम का समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. एके मंडावी द्वारा पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। तत्पश्चात प्रो. स्नेह कुमार मेश्राम ने रिसर्च मेथाडोलॉजी विषय पर अपना व्याख्यान प्रेषित किया। उनके द्वारा बताया गया कि वर्तमान समाज में अनुसंधान का अपना एक विशेष महत्व है। अनुसंधान का विषय ऐसा होना चाहिए, जो मानव समाज के लिए कल्याणकारी हो तथा किसी तात्कालिक सामाजिक समस्या के निराकरण में सहायक हो। उनके द्वारा अपने व्याख्यान में अनुसंधान के विभिन्न चरणों अन्वेषणात्मक, वर्णनात्मक, प्रयोगात्मक अनुसंधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विभिन्न गुणात्मक एवं परिमाणात्मक पद्धति पर विस्तार से जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन समाज कार्य विभागाध्यक्ष ललिता साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. एके मंडावी, ललिता साहू, डॉ. प्रियंका लोहिया, चित्रांशा राठौर, तारणी साहू, शालिनी सोनी तथा समाज कार्य एवं समाजशास्त्र विभाग के विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## निधन



### राधेलाल साहू

**डोंगरगढ़**। बुधवारीपारा निवासी राधेलाल साहू का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।



### कुसुमलता मेहाडिया

**डोंगरगढ़**। स्थानीय कुसुमलता मेहाडिया पति किशन मेहाडिया का 72 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। वह गिरधर, गोपाल, नितिन मेहाडिया की माता थी। उनका अंतिम संस्कार लखोली मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर परिवार सहित सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।

संभागायुक्त ने नवरात्रि मेले की तैयारियों के संबंध में ली बैठक

# श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी व्यवस्थाएं करें सुनिश्चित : संभागायुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

**आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश, छिरपानी में बैठक आयोजित**




संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में 19 मार्च से प्रारंभ हो रहे चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले मेले की तैयारियों के संबंध में छिरपानी परिसर डोंगरगढ़ में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक बालाजी राव सोमावार, कलेक्टर जितेन्द्र यादव तथा पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

संभागायुक्त श्री राठौर ने कहा कि चैत्र नवरात्रि के दौरान मां बम्लेश्वरी मंदिर में दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पदयात्री दर्शन के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा सौंपे गए दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन सुनिश्चित करें। पुलिस महानिरीक्षक बालाजी राव सोमावार ने कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं आयोजन समिति के समन्वय से नवरात्रि मेले को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने निगरानी, सुरक्षा एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

बैठक में नगर पालिक परिषद डोंगरगढ़ के अध्यक्ष रमन डोंगरे, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, एसडीएम डोंगरगढ़ एम भार्गव, एसडीओपी डोंगरगढ़ केसरी नंदन नायक, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनील गट्टानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पर्याप्त पुलिस बल होंगे तैनात

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने कहा कि श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में आने की संभावना को देखते मंदिर परिसर, मेला स्थल एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से पूरे क्षेत्र की सतत निगरानी की जाएगी। उन्होंने बताया कि क्विक रिस्पांस टीम भी तैनात रहेगी, जो किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई करेगी। उन्होंने पदयात्रियों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था तथा दुर्घटना संभावित स्थलों पर संकेतक, रेडियम एवं अस्थायी गति अवरोधक लगाने के निर्देश दिए।

### आवश्यक दवाईयां रहेंगी उपलब्ध

कलेक्टर ने बताया कि ऊपर एवं नीचे मंदिर में डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टॉफ आवश्यक दवाइयों के साथ तैनात रहेंगे। इसके अतिरिक्त जिले के 48 निजी चिकित्सालय भी नवरात्रि के दौरान चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराएंगे। मेले की व्यवस्थाओं के समन्वय के लिए कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाएगा। उन्होंने रोपवे के फिटनेस सर्टिफिकेट, बैरिकेडिंग तथा यातायात व्यवस्था के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि चैत्र नवरात्रि मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं, इसलिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई, शौचालय तथा यातायात की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहे तथा मंदिर परिसर, सीढ़ियों एवं मेला स्थल पर नियमित साफ-सफाई की जाए। उन्होंने बताया कि ऊपर मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया है तथा दर्शन की व्यवस्था को सरल और सुगम बनाने योजना तैयार की गई है। कलेक्टर ने कहा कि मेले के दौरान पर्याप्त संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। पार्किंग में निर्धारित शुल्क से अधिक राशि लेने पर संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने डोंगरगढ़ को प्लास्टिक मुक्त बनाए रखने के निर्देश देते किसी भी दुकान में प्लास्टिक थैली के उपयोग पर जब्ती की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## समस्या का नहीं हो पा रहा कोई स्थायी समाधान : ऋषि



**राजनांदगांव**। शहर के वीआईपी रोड पर वर्षों से जाम पड़े नाले और गंदे पानी की समस्या के विरोध में पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री अपने कार्यकर्ताओं के साथ प्रशासन और सरकार का ध्यान खींचने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि जब नाला साफ नहीं हो पा रहा है और पानी लगातार जमा है, तो क्यों न यहां मछली पालन ही शुरू कर दिया जाए। सर्किट हाउस वार्ड 43 के युवा नेता जय जायसवाल ने पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री को जानकारी दी कि वीआईपी मार्ग के स्थानीय लोगों ने इस समस्या को लेकर कई बार शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया है। इतना ही नहीं लोगों ने टोल फ्री नंबर 1100 में भी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन इसके बावजूद आज तक समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं हो पाया। इसके बाद युवा नेता जय जायसवाल ने पूर्व पार्षद को मौके पर ले जाकर स्थानीय लोगों की समस्या सुनी और पॉस कालोनी निजी अस्पतालों से घिरा वीआईपी मार्ग में अनोखा विरोध दर्ज कराया। उन्होंने नाले में मछलियां छोड़कर प्रशासन के खिलाफ प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया। विधायक प्रतिनिधि के निवास से लेकर बसंतपुर चौक तक नाले में मछलियों की "तैराकी" कराई गई। जिससे लोगों का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित हुआ। ऋषि शास्त्री ने कहा कि नादगांव के वीआईपी रोड का यह नाला सालों से जाम पड़ा है। जिससे गंदा पानी जमा रहता है और आसपास के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई शिकायतों और निवेदनों के बावजूद जिम्मेदार विभाग और जनप्रतिनिधि मौन बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन और सरकार इसी तरह सोई रही, तो आने वाले समय में यह नाला पूरी तरह "मछलीघर" बन जाएगा। यह विरोध सोई हुई सरकार और जिम्मेदार अधिकारियों को जगाने किया गया है, ताकि नाले की सफाई, पानी निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

# ऑनलाइन ठगी की गई राशि को पुलिस ने प्रार्थी को वापस दिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिले में ऑनलाइन निवेश प्लेटफॉर्म के माध्यम से हुई बड़ी साइबर ठगी के मामले में राजनांदगांव पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की है। ठगी गई राशि में से 85,00,031 रुपए प्रार्थी को वापस कराए गए हैं। साइबर फ्रॉड के मामलों में जिले में पहली बार इतनी बड़ी राशि एक साथ वापस कराई गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी विपिन कुमार गोस्वामी निवासी संत रविदास गोस्वामी वार्ड नं. 1 डोंगरगांव द्वारा थाना डोंगरगांव में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया कि "पॉलीस फाइनेंस लिमिटेड" नामक ऑनलाइन निवेश प्लेटफॉर्म के प्रतिनिधियों द्वारा अधिक लाभ का लालच देकर विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से धन राशि जमा कराई गई। इस प्रकार प्रार्थी से कुल 1,14,52,000 रुपए जमा कराकर धोखाधड़ी की गई। पुलिस के अनुसार प्राप्त शिकायत के आधार पर थाना डोंगरगांव में धारा 318(3), 318(4) बीएनएस एवं 66(घ) आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में तत्काल टीम गठित कर मामले में प्रभावी कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के नेतृत्व में थाना डोंगरगांव एवं साइबर सेल राजनांदगांव की संयुक्त टीम द्वारा मामले की गहन जांच की गई। टीम द्वारा सीडीआर विश्लेषण, बैंक खातों के ट्रांजेक्शन का विस्तृत परीक्षण तथा तकनीकी विश्लेषण कर लगभग 397 बैंक खातों को साइबर पोर्टल के माध्यम से होल्ड कराया गया। जिनमें ठगी की राशि ट्रांसफर की गई थी।

### प्रार्थी ने पुलिस का आभार माना

मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की पतासाजी हेतु पुलिस टीम को मुंबई (महाराष्ट्र) भी रवाना किया गया तथा संबंधित कंपनी की गतिविधियों की निगरानी की गई। तकनीकी विश्लेषण एवं सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप ठगी गई राशि 1,03,20,000 रुपए में से 85,00,031 रुपए की राशि को होल्ड, लीन कराकर न्यायालय के आदेश से प्रार्थी के खाते में वापस कराया गया। राशि प्राप्त होने के पश्चात प्रार्थी द्वारा पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर का आभार व्यक्त किया गया। इस कार्रवाई में डीएसपी अलेक्जेंडर किरो, प्रशिक्षु आईपीएस आदित्य कुमार, निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह, निरीक्षक विनय पम्मार, निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर तथा साइबर सेल राजनांदगांव की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### संगीतमय भागवत कथा का आयोजन आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के बसंतपुर बंगालीचाल स्थित वृंदावन धाम में श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। मिश्रा परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा महापुराण में सुप्रसिद्ध कथावाचक आचार्य पं. अनिल तिवारी महराज व्यास पीठ कथा श्रवण कराएंगे। श्रीमद् भागवत कथा में 17 मार्च को वेदी पूजन, कलश यात्रा, गौकर्ण कथा, 18 मार्च को भागवत माहत्म, सुखदेव परीक्षात जन्म, कलियुग आरंभ 19 मार्च को श्रृष्टि वर्णन, कपील गंगावतरण, सती चरित्र, 20 मार्च को समुद्र मंथन, वामन अवतार, अजामील, जड़भरत कथा, 21 मार्च को ध्रुव, प्रहलाद, गजेन्द्र मोक्ष, रामकृष्ण, जन्मोत्सव, 22 मार्च को पुतनावध, नामकरण, बाललीला, गोवर्धन पूजा, 23 मार्च को मथुरागमन, कंशवध, उधव चरित्र, रुखमणी मंगल, 24 मार्च को प्रदुम्न, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, चढ़ोत्तरी, शोभायात्रा, 25 मार्च को तुलसी वर्षा, गीता, कपिलातर्पण, हवनयक्ष और महाप्रसादी वितरण होगा।

हेल्थ प्लस

## नि:शुल्क हड्डी रोग जांच शिविर आज नगर में



**राजनांदगांव**। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लिनिक सतनाम भवन नया बस स्टैंड राजनांदगांव में निःशुल्क हड्डी रोग जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बीएमडी मशीन द्वारा ओस्टियोपोरोसिस (हड्डियों का खोखलापन 1000 रुपए तक) की जांच निःशुल्क की जाएगी व शिविर में भिलाई के प्रसिद्ध हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराग चंद्राकर निःशुल्क परामर्श व उपचार करेंगे।

शिविर कल 17 मार्च को दोपहर 2 से 4 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। जिसका निःशुल्क पंजीयन 4 बजे तक ही किया जाएगा। ऑस्टियोपोरोसिस का हिंदी में अर्थ हड्डियों का खोखलापन है। यह एक हड्डी का रोग है। जिसमें हड्डियां खोखली और भुरभुरी हो जाती है। जिससे उनकी चोट (फ्रैक्चर) का खतरा काफी बढ़ जाता है। यह बीमारी आमतौर पर 30 वर्ष उम्र के बाद शुरू हो सकती है। विशेषकर महिलाओं में रजोनिवृत्ति या मेनोपॉज के बाद शुरू होता है, जब हड्डियों का घनत्व तेजी से कम होने लगता है। इसे अक्सर मूक बीमारी कहा जाता है, क्योंकि हड्डी टूटने (फ्रैक्चर) तक इसके लक्षण महसूस नहीं होते। कम उम्र में ही यदि आहार में कैल्शियम/विटामिन डी की कमी, धूम्रपान, या पारिवारिक इतिहास हो, तो यह बीमारी जल्द शुरू हो सकती है। बदलती जीवन शैली व खानपान से यह समस्या बढ़ती जा रही है। सही समय पर जांच करवाकर इसके जोखिमों से बचा जा सकता है।

### देवी भागवत 19 से



**राजनांदगांव**। लखोली शीतला मंदिर में सार्वजनिक देवी भागवत का 19 से 27 मार्च तक रखा गया है। कथा व्यास अंचल के कथा वाचक पं. राजू शर्मा कोलियारा वाले होंगे। परायणकर्ता अशोक शर्मा होंगे। आयोजक सदस्यों द्वारा कार्यक्रम का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई है।

KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड
कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

कान्फ्लुएंस कॉलेज में कार्यक्रम

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




कॉन्फ्लुएंस कॉलेज राजनांदगांव के महिला प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को आमंत्रित कर उनका सम्मान किया गया।

इस अवसर पर छात्राओं द्वारा ''पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता'' तथा ''सांस्कृतिक गतिविधियों'' का आयोजन किया गया। जिनमें महिला सशक्तिकरण, समान अधिकार और समाज में महिलाओं की भूमिका जैसे विषयों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया गया। छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य और प्रस्तुति के माध्यम से महिलाओं की उपलब्धियों और संघर्षों को दर्शाया। कार्यक्रम में अतिथि एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों की प्रतिभा और जागरूकता से प्रेरित हुए।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पद्मश्री फूलबासन यादव ने कहा, "महिलाएं केवल परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला है। शिक्षा, आत्मविश्वास और संकल्प के साथ महिलाएं हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकती है। कार्यक्रम में नारीवाद के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में रेलवे इंस्पेक्टर तरुणा साहू, प्राचार्य पूर्णिमा शुक्ला, प्राचार्य पिंकी खंडेलवाल, डॉ. खिलेश्वरी साहू, शारदा तिवारी, नियामत हुड्डा, अंजनी ओसवाल, पुष्पांजलि, बीना कोटक, ताहिरा अली, मोना अग्रवाल सहित विशेष रूप से उपस्थित रही।

### स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

प्राचार्य 'डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि "अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के संघर्ष, उपलब्धियों और उनके योगदान को सम्मान देने का अवसर है। इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं को प्रेरित करते हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ाते हैं।" इस अवसर पर संस्था के संचालक "डॉ. मनीष जैन, संजय अग्रवाल एवं आशीष अग्रवाल" ने कहा कि "महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण किसी भी प्रगतिशील समाज की पहचान है। यह संस्थान शिक्षा के साथ महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।" कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। महिला प्रकोष्ठ के सदस्यों एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



## खबर संक्षेप

### दिलीप साहू बने जिला साहू संघ के मीडिया प्रभारी

**हरिभूमि कवर्धा।** जिला साहू संघ कबीरधाम की संगठनात्मक गतिविधियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कार्यकारिणी का विस्तार किया गया, जिसमें समाजसेवी दिलीप साहू को जिला साहू संघ



कबीरधाम का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति पर समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि दिलीप साहू अपनी नई जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए समाज की गतिविधियों, कार्यक्रमों और जनहित से जुड़े कार्यों को मीडिया के माध्यम से प्रभावी रूप से जनता तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। श्री साहू ने नियुक्ति पर जिला साहू संघ कबीरधाम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे साहू समाज की एकता, विकास और सामाजिक गतिविधियों को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

### दोना-पत्तल के व्यवसाय से आत्मनिर्भर बनीं ज्योति वैष्णव, स्व-सहायता समूह से मिली नई पहचान

**हरिभूमि कवर्धा।** मेहनत, आत्मविश्वास और सही मार्गदर्शन मिलने पर साधारण परिस्थितियों में जी रही महिलाएं भी सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकती हैं। कबीरधाम जिले के जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत ग्राम मटका की निवासी श्रीमती ज्योति वैष्णव ने स्व-सहायता समूह से जुड़कर दोना-पत्तल निर्माण का व्यवसाय शुरू किया और आज अपने परिवार की आय बढ़ाने के साथ-साथ गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन गई हैं। उन्होंने यह साबित कर दिया है कि स्व-सहायता समूह से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकती हैं। श्रीमती ज्योति वैष्णव पहले गांव में मजदूरी का कार्य करती थीं। परिवार की आय का कोई स्थायी साधन नहीं होने के कारण उन्हें कई प्रकार की आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और घर के खर्च को संभालना भी मुश्किल हो जाता था। इसी दौरान उन्हें गांव में संचालित जय मां वैभव लक्ष्मी महिला स्व-सहायता समूह के बारे में जानकारी मिली। समूह की गतिविधियों और महिलाओं को मिल रहे आर्थिक अवसरों को देखकर उन्होंने समूह से जुड़ने का निर्णय लिया। समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने नियमित बचत करना शुरू किया और आजीविका गतिविधियों के लिए उन्हें विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आर्थिक सहायता भी मिली। समूह को चक्रीय निधि के रूप में 4 हजार रुपए तथा सामुदायिक निवेश कोष के रूप में 15 हजार रुपए की सहायता प्राप्त हुई।

तकनीकी शिक्षा से युवाओं के कौशल प्रशिक्षण, पंडरिया में पर्यटन को बढ़ावा एवं उचित मूल्य दुकानों की स्थापना हेतु विधानसभा में भावना बोहरा ने की मांग

# विधायक ने क्षेत्र में औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र व वनांचल क्षेत्रों के विकास का उठाया मुद्दा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने बजट सत्र के दौरान प्रदेश व कबीरधाम जिले से जुड़े प्रमुख विषयों और मुद्दों को सदन के समक्ष प्रमुखता से रखा। इस दौरान उन्होंने बजट चर्चा के दौरान क्षेत्र के युवाओं के कौशल विकास व प्रशिक्षण हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना, विधानसभा के वनांचल क्षेत्र में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने और वनांचल व विभिन्न क्षेत्रों में उचित मूल्य दूकान की स्थपना तथा जर्जर दुकानों के मरम्मत की मांग प्रमुखता से रखा।

भावना बोहरा ने तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत ग्राम बाजार चारभाठा एवं नगर पंचायत पाण्डातराई में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना, सहकारिता विभाग अंतर्गत ग्राम बांगर, ढोठमानवापारा, मगरवाह सरइपतेराकला, नगर पाण्डातराई के नयापारा वार्ड 2 एवं ग्राम मजगांव में नवीन शासकीय उचित मूल्य दूकान खोलने एवं ग्राम बहरमुड़ा, सेन्हाभाठा, बसनी, रेंगाबोड़, पटुआ, माकरी, दनिया-खुर्द एवं नवागांव-खुर्द स्थित उचित मूल्य दूकान की मरम्मत कार्य की मांग रखी। इसके साथ ही उन्होंने वन विभाग अंतर्गत वनांचल क्षेत्र कुकदूर में वन अग्नि नियंत्रण हेतु फायर वॉच टॉवर और फायर कंट्रोल सेन्टर की स्थापना और भैंसाओदार प्राकृतिक स्थल पर इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए इंटरप्रिटेशन सेंटर, व्यू पॉइंट और ट्रैकिंग ट्रेल, पर्यटक कॉटेज विकसित करने की मांग भी की।

भावना बोहरा ने प्रश्नकाल के दौरान वनांचल एवं अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र के विषय में प्रश्न किया कि जिले के वनांचल एवं अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में संचालित ऐसे कितने आंगनबाड़ी केंद्र हैं, जो जनवरी, 2026 तक पक्के भवन, पेयजल, शौचालय, बिजली तथा सुरक्षित भंडारण जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं? उक्त आंगनबाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु सरकार द्वारा क्या समयबद्ध कार्ययोजना बनाई गई है? विभाग द्वारा कबीरधाम जिले के दुर्गम वनांचल क्षेत्रों में संचालित ऐसे कितने आंगनबाड़ी केन्द्रों को चिन्हित किया गया है, जहां समुचित परिवहन व्यवस्था के अभाव में पोषण आहार नियमित एवं समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है? जिसके लिखित उत्तर में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि जिले के वनांचल एवं अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों मे जनवरी 2026 की स्थिति में 54 केन्द्रों में पक्के भवन, 192 केन्द्रों में शौचालय एवं 326 केन्द्रों में बिजली नहीं हैं। वित्तीय संसाधनों एवं बजट उपलब्धता के आधार पर आंगनबाड़ी केन्द्रो में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। कबीरधाम जिले में खाद्य विभाग द्वारा पण्डरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुकदुर परियोजना के 02 ग्राम पंचायत के उचित मूल्य के दूकान को पहुंच विहीन क्षेत्र के रूप में चिन्हांकित किया गया है। जिसके अंतर्गत 11 आंगनबाड़ी केन्द्र शामिल है, किन्तु दुर्गम वनांचल क्षेत्रों में संचालित सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में पूरक पोषण आहार नियमित रूप से समय पर उपलब्ध हो रहा है।

#### आंगनबाड़ी केन्द्रों में सुविधाओं, रेडी टू ईट योजना और महिला व बाल तस्करी के विषय में पूछा प्रश्न

उन्होंने प्रदेश के जिलों में रेडी-टू-ईट योजना के संचालन के विषय में प्रश्न किया कि वर्तमान में रेडी-टू-ईट योजना प्रदेश के कितने जिलों में लागू की गई है? शेष जिलों मे यह योजना कब तक लागू कर दी जावेगी? क्या इसके लिए विभाग द्वारा समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की गई है? वर्तमान में कितने आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण आहार प्रदाय का दायित्व निर्वहन महिला स्व सहायता समूहों के द्वारा किया जा रहा है तथा अन्य आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण आहार प्रदाय कार्य किनके द्वारा किया जा रहा है? जिसके लिखित उत्तर में विभागीय मंत्री ने बताया कि प्रदेश के 06 जिलों में रेडी-टू-ईट का निर्माण व प्रदाय कार्य महिला स्व सहायता समूहों को सौंपा गया है। शेष जिलों मे यह कार्य प्रारंभ किये जाने की निश्चित समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है। प्रदेश की 6673 आंगनबाड़ी केन्द्रों में महिला स्व सहायता समूह द्वारा एवं 45867 आंगनबाड़ी केन्द्रों में छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड रायपुर द्वारा रेडी-टू-ईट का प्रदाय किया जा रहा है।

## बीईओ ने उड़नदस्ता दल के साथ परीक्षा केन्द्र का किया आकस्मिक निरीक्षण



- सोमवार से कक्षा 5वीं-8वीं की बोर्ड परीक्षा प्रारंभ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

केंद्रित कक्षा 5वीं एवं 8वीं की बोर्ड परीक्षा 16 मार्च सोमवार से प्रारंभ हो गई। परीक्षा के प्रथम दिवस विकासखंड शिक्षा अधिकारी एमके गुप्ता ने उड़नदस्ता दल के साथ विभिन्न परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण दल में अश्वनी चंद्राकर (व्यायाम शिक्षक) तथा विजय चंदेल (प्रधान पाठक) उपस्थित थें। निरीक्षण के दौरान दल द्वारा प्राथमिक शाला चरखुरा, भोरमदेव पब्लिक स्कूल पाण्डातराई, सरस्वती शिशु मंदिर पंडरिया, जय भारत पब्लिक स्कूल पंडरिया, डिवाइन पब्लिक स्कूल पाण्डातराई तथा शासकीय प्राथमिक शाला चारभाठा सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति रही तथा परीक्षा शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और पारदर्शी ढंग से संचालित हो रही है। सभी केंद्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक अपने-अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए उपस्थित मिले।

इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एमके गुप्ता ने केंद्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों को परीक्षा संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही विद्यार्थियों को निर्भीक होकर और आत्मविश्वास के साथ प्रश्नपत्र हल करने के लिए प्रेरित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कक्षा 5वीं एवं 8वीं की बोर्ड परीक्षा के सुचारु संचालन हेतु विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा पांच उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया है, जो परीक्षा अवधि में विभिन्न केंद्रों का सतत निरीक्षण कर रहे हैं।

## शिक्षण को प्रभावी बनाने आनंद पूर्ण तकनीकों का उपयोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छात्र छात्राओं पर शिक्षण के अधिक प्रभाव के लिए शिक्षक द्वारा अपनाई गई आनंदपूर्ण शिक्षण तकनीकें और रचनात्मक विधियां सीखने की प्रक्रिया को रोचक, यादगार और प्रभावी बनाता है। ये तकनीकें छात्रों को केवल रटने के बजाय समझने और रचनात्मकता को बढ़ावा देने में मदद करता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य व गणित विषय के व्याख्याता डॉ रमेश चन्द्रवंशी द्वारा अध्यापन के दौरान रचनात्मक शिक्षण विधियों, कहानी, कला व शिल्प, खेल व गतिविधियां उदाहरण व वास्तविक जीवन से जुड़ाव तथा तकनीकों का रचनात्मक उपयोग किया जाता है। कक्षा में सकारात्मकए सुरक्षित व सहायक वातावरण, छात्रों को अपनी रचनात्मकता दिखाने का अवसर विद्यार्थियों की छोटी-छोटी उपलब्धियों की सराहना करते हुए पुरस्कार, प्रशंसा व प्रोत्साहन तथा विद्यार्थियों को समूह में विभाजित कर आपस मे सीखने का अवसर दिया जाता है। शिक्षण में वास्तविक जीवन के उदाहरणों और गतिविधियों का उपयोग किया जाता हैए जिसमें रंगीन स्याही का उपयोग कर समरूपता, पैटर्न की प्रकृति को समझने के लिए पेंड़ की पत्तियों, फर्स की टाईल्स, कागज के टुकड़ों का उपयोग, कागज की आकृति को घुमाकर, पलटकर और खिसकाकर परिवर्तन ज्यामिति सिखाना, गत्ते के उपयोग से त्रिविमीय आकृतियां बनाकर उसकी सतहों, किनारों, शीर्षो, पृष्ठीय क्षेत्रफल व आयतन को स्पष्ट करना, अनुपात व भिन्न को स्पष्ट करने के लिए खाना बनाने में किसी व्यंजन की सामग्री को दोगुना या आधा करना, ऋण, साधारण ब्याज, चक्रवृद्धि ब्याज, बट्टा, किश्त आदि को जीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट किया जाता है। जटिल व अमूर्त अवधारणाओं को समझाने के लिए कहानियों का उपयोग किया जाता हैए जिसमें प्रमुख रूप से महान गणितज्ञों आर्यभट्ट, यूक्लिड, श्रीनिवास रामानुजन आदि की खोजों से जुड़ी कहानियां, पाइथागोरस प्रमेय का घर बनाते समय उपयोग पढ़ाए जा रहे सिद्धांतों को छात्राओं के दैनिक जीवन से जोड़कर विषय की प्रासंगिकता समझाना तथा खेल के मैदान के क्षेत्रफल में क्षेत्रमिति का उपयोग करना बताया जाता है। आधुनिक तकनीक डिजिटल बोर्ड, इंटरैक्टिव ग्रीन बोर्ड व शैक्षिक एप का उपयोग करते हुए सीखने को आकर्षक बनाया जाता है। इन सभी शिक्षण तकनीक से कक्षा का वातावरण आनंदपूर्ण बना रहता है। ये तकनीकें गणित को रोचक, व्यवहारिक और सीखने में आसान बनाती है।

## औद्योगिक क्षेत्र हरिनछपरा में पुल-पुलिया, नाली, स्ट्रीट लाइट व सड़क निर्माण कार्य जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हरिनछपरा औद्योगिक क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से जारी है। क्षेत्र में पुल-पुलिया, नाली और सौर ऊर्जा से संचालित स्ट्रीट लाइट का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद अब सड़क निर्माण का कार्य भी जोर-शोर से किया जा रहा है। सड़क के नवनिर्माण के बाद यहां के व्यापारी, उद्योगपति, किसान तथा आने-जाने वाले राहगीरों को काफी सुविधा मिलने की उम्मीद है।

बताया जाता है कि हरिनछपरा औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण लगभग वर्ष 2003-04 में किया गया था, लंबे समय बीत जाने के कारण यहां की सड़कें, पुल-पुलिया, नालियां और स्ट्रीट लाइट काफी क्षतिग्रस्त हो चुके थे। इसके कारण उद्योगपतियों, व्यापारियों और राहगीरों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। सड़कें जगह-जगह से टूट चुकी थीं, नालियां जर्जर हो गई थीं और स्ट्रीट लाइट भी खराब हो चुकी थीं। लेकिन वर्तमान में इन समस्याओं को दूर करने के लिए पुल-पुलिया, पक्की नाली और सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके साथ ही अब सड़क निर्माण का कार्य भी तेजी से कराया जा रहा है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद औद्योगिक क्षेत्र की तस्वीर बदलने की उम्मीद जताई जा रही है और यहां आने-जाने वालों को बेहतर सुविधा मिलेगी। मिली जानकारी के अनुसार हरिनछपरा औद्योगिक क्षेत्र में पहले केवल 5-6 उद्योग संचालित होते थे, लेकिन अब यहां उद्योगों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है।

#### क्षेत्र में विविध निर्माण कार्य के लिए उद्योग संचालित

यहां टायर निर्माण, रासायनिक खाद निर्माण, ब्लड जांच सामग्री निर्माण, मसाला निर्माण, पानी पाउच निर्माण, डिस्पोजल दोना-पत्तल निर्माण, पेट्रोलियम गैस से संबंधित कार्य, ढोल निर्माण, पुठ्ठा निर्माण, डबल रोटी व ब्रेड निर्माण, 5 राइस मिल, 3 ईंट भट्टे सहित कई उद्योग संचालित हो रहे हैं। इसके अलावा 3-4 नए उद्योग भी निर्माणाधीन हैं। औद्योगिक क्षेत्र में बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए यह कहा जा रहा है कि यहां उद्योग स्थापित करने के लिए अब लगभग जमीन भी उपलब्ध नहीं बची है। विकास कार्यो के चलते हरिनछपरा औद्योगिक क्षेत्र अब धीरे-धीरे प्रगति की ओर अग्रसर होता नजर आ रहा है।

### भीषण गर्मी में ठंडी पेय पदार्थ की बढ़ी मांग



**हरिभूमि कवर्धा।** मार्च महीने की शुरुआत होते ही जिले में भीषण गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। तापमान लगातार बढ़ने के कारण आम जन-जीवन प्रभावित होने लगा है। वहीं दोपहर के समय शहर की गली-मोहल्लों सन्नाटा सा छा जाता है। लोग तेज धूप और गर्म हवाओं से बचने के लिए घरों में ही रहना बेहतर समझ रहे हैं। विशेष रूप से दोपहर 12 बजे के बाद बाजारों और सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम हो जाती है। वहीं भीषण गर्मी के चलते लोगों को राहत देने वाले ठंडी पेय पदार्थों की मांग भी बढ़ गई गई है। जो कि शहर के मुख्य चौक-चौराहों पर इन दिनों दर्जनों गन्ना जूस की दुकानों अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिल रही है। इस भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए लोग गन्ने का ताजा जूस, व कोल्ड्रिंक पीना पसंद कर रहे हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि शहर में गन्ना जूस की कीमत 20 से 30 रूपए प्रति गिलास साथ ही ठंडी कोल्ड्रिंक की मांग बढ़ गई है ठंडी कोल्ड्रिंक 10 से 20 रूपए प्रति गिलास के हिसाब से मिल रही रही है। मार्च महीने के शुरूआत में गर्मी के कारण बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी ठंडे पेय पदार्थों की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

### लहलाने लगी गेंहू की फसल...



**कवर्धा।** क्षेत्र में इन दिनों खेतों में गेहूं की फसल लहलहाने लगी है। जिससे क्षेत्र के ग्रामीण किसानों के चेहरे में खुशी साफ देखी जा सकती है। ग्रामीण किसानों से मिली जानकारी के अनुसार खेतों में खड़ी गेहूं की फसल लहलहाने व गेहूं की फसल अच्छी पैदावार की उम्मीद जताई जा रही है।

पेज 09 का शेष

**मोहला-मानपुर में...** 1 नग इंसास राइफल, मैगजीन जिसमें 15 नग जिंदा कारतूस, पावर बैंक, दवाईयां, बैग, खाद्य सामग्री एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद कर जब्त की गई है। बरामद किए गए इंसास रायफल नक्सलियों द्वारा सन 2010 में कांकेर जिला थाना दुर्गकोंडल के क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भुस्की से लूटा गया था। मुठभेड़ में शामिल नक्सलियों में राजे, मंगेश, हिडमे एवं अन्य के विरुद्ध विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10, 13, 18, 20, 38(1)(2) तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत औंधी थाना में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

रोजगार मुखी प्रशिक्षण से ग्रामीण महिलाएं होंगी आत्मनिर्भरः अभिषेक अग्रवाल

## रानी मिस्त्रियों से पीएम आवास के निर्माण को मिलेगी गति



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सोमवार को जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम राम्हेपुर में प्रोजेक्ट उन्नति अंतर्गत 35 महिलाओं को रानी मिस्त्री का 30 दिवसीय प्रशिक्षण 18 फरवरी से 20 मार्च तक दिया जा रहा है। जिसमे महिलाओं को स्थानीय स्तर पर निर्माण कार्यो द्वारा आजीविका संवर्धन में प्रशिक्षित किया जा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत राम्हेपुर में आरसेटी द्वारा महिलाओं को यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री जनमन आवास एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में प्रगति लाने के लिए ग्रामीण महिलाओं को राजमिस्त्री का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जनपद पंचायत पंडरिया एवं बोड़ला क्षेत्र में रानी मिस्त्रियों का प्रशिक्षण 2 बैच में संपन्न हो चुका है तथा वर्तमान में जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा अंतर्गत 35 महिलाओं का प्रशिक्षण आयोजित है। प्रशिक्षण उपरांत महिला राजमिस्त्रियों द्वारा आवास को समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने में मदद मिलेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार का सृजन होगा। प्रशिक्षित महिलाएं स्वयं अपना आवास निर्माण करेगी। साथ में अन्य आवासों के निर्माण में सहायक सिद्ध होकर लक्ष्य को जल्दी प्राप्त करने में सुविधा होगी। उल्लेखनीय है कि महात्मा गांधी नरेगा योजना से विगत वर्षो में 60 दिनों का रोजगार प्राप्त कर ग्रामीण महिलाएं पहले ही लाभान्वित हो चुकी है। ग्रामीण महिलाओं को कौशल विकास से जोड़ने एवं आत्मनिर्भर बनाने यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वर्तमान में जिले के सभी ग्राम पंचायतो में प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कार्यो एवं अन्य विभागीय निर्माण कार्य चल रहे है। राजमिस्त्री के रूप में प्रशिक्षित महिलाओं के लिए रोजगार के अनेकों अवसर गांव में ही खुले हुए हैं।

इसी क्रम में आरसेटी केंद्र तारों कवर्धा एवं जिला पंचायत कबीरधाम द्वारा आयोजित 30 दिवसीय प्रोजेक्ट उन्नति के तहत रानीमिस्त्री प्रशिक्षण आयोजित कराया गया है। प्रशिक्षण अवधि के दौरान महिलाओं को महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत 261 रुपए के मान से मजदूरी राशि प्रोत्साहन स्वरूप उनके बैंक खाते में प्राप्त होगी और प्रशिक्षण क्लस्टर बेस्ड फील्ड पर हो रहा है। इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को निर्माण कार्यो की तकनीकी जानकारी जैसे ईंट जोड़ाई, माप-जोख, सीमेंट-रेत अनुपात, प्लास्टरिंग, दीवार निर्माण, वाटर लेवल सेटिंग, सुरक्षा उपाय एवं निर्माण गुणवत्ता नियंत्रण का व्यावहारिक ज्ञान के साथ ही शासन के विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रोजेक्ट उन्नति के तहत ग्रामीण महिलाओं को रोजगार मुखी कौशल प्रदान कर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण जैसे शासन के महत्वपूर्ण योजना में त्वरित रूप से रोजगार देकर निर्माण कार्यों में प्रगति लाना है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130